श्रमदान से शुरुआत करके वार्डो में जाकर खुद पानी की गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त की आयुक्त पाण्डेय ने

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र पावर हाउस टी मार्केट में शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में श्रमदान करके स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने साफ–सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किए। वहां उपस्थित व्यापारीगढण, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिकों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाए। सभी से कहा प्रतिदिन अपने आस–पास की सफंई निरंतर करें। नगर निगम भिलाई अपने सफाई अमले के साथ टीम लगा कर अपना सफाई में योगदान दे रही है। आप सभी लोग भी अपना सहयोग प्रदान करें। यही अपेक्षा है कि नालियों में कचरा ना फेके निगम के सफाई मित्र को ही दुकानों से निकलने वाले कचरे को दें। खुर्सीपार क्षेत्र में बाबा बालकनाथ उद्यान का निरीक्षण किए। वहां पेड़ पौधो की कटाई–छटाई, ट्रिमिंग, सिंचाई व्यवस्था की निरीक्षण किए। अधिकारियो को निर्देशित किए कि उद्यान हरा–भरा रखना है। साथ ही तालाब की सफाई वहां पर लगे पोल, लाईट व्यवस्था व मोटर पम्प को भी देखे और लाईट को लगातार चालू न रखने व मोटर पम्प को तत्काल संधारण के निर्देश दिए। वहां से होते हुए लक्ष्मण तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे वहां आम नागरिकों एवं सफाई करने वाले सफाई कर्मचारी से पूछे कि प्रतिदिन साफ–सफाई की जाती है या नहीं। कर्मचारियो ने बताया कि प्रतिदिन साफ–सफाई की जाती है। वहां से होकर खुर्सीपार क्षेत्र के वार्डो का निरीक्षण करने पहुंचे, वहां के लोगो से मिले। इसी दौरान नगर निगम का वाटर चेक पोस्ट से पानी का सप्लाई चालू था ।उसको पी करके गुणवत्ता की जांच किया साथ में स्थानीय नागरिकों से भी पूछे कि आपका जो पानी आ रहा है और साफ सुथरा, पीने योग्य है या कुछ कमी दिखता है। सभी ने कहा अभी पानी अभी ठीक आ रहा है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किये की पानी का सैंपल अलग–अलग जगह से लिया जाए उसका परीक्षण लेबोरेटरी से भी किया जाए। और सफाई व्यवस्था एवं पानी सप्लाई के बारे में जानकारी प्राप्त किए। घरों में सप्लाई होने वाले पानी की अपने पी करके जांच किए, पानी में किसी प्रकार की अशुद्धि नहीं पाई गई। वहां से होते हुए छावनी तालाब का निरीक्षण करने पहुचे और पहुंचते ही तालाब की सफाई, लाईट, शौचालय इत्यादि का निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त, सतीश यादव, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, आदि उपस्थित रहे।